(228)

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गाजियाबाद की अध्यक्षता में "जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गाजियाबाद की दिनांक 01.02.2023 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्तः—**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, के शा0सं0 95/छिहत्तर–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमो के प्रभावी कियान्वयन एंव मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–6–2010–20 स्वजल 2010 (टी0सी0310) दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुए जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति का पुर्नगठन किया गया था। शासनादेश द्वारा जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति को जलापूर्ति की योजना की स्वीकृति एंव राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को अग्रसारित करने हेतु अधिकृत किया गया है।

जनपद गाजियाबाद की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 की स्वीकृति एवं कार्यो की प्रगति हेतु जिलाधिकारी/अध्यक्ष गाजियाबादकी अध्यक्षता में "जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति" गाजियाबाद की बैठक दिनांक 01.02.2023 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः—

1. मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद —उपाध्यक्ष।
2. जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
3. प्रभागीय वनाधिकारी गाजियाबाद द्वारा नामित अधिकारी —सदस्य।
4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
6. अधिशासी अभियंता, सिचाई खण्ड प्रथम, गाजियाबाद —सदस्य।
7. अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर, गाजियाबाद —सदस्य।
8. जिला कृषि अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
9. जिला सूचना एंव जन सम्पर्क अधिकारी, गाजियाबाद —सदस्य।
10. अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गाजियाबाद —सदस्य सचिव।
11. श्री मुनीश– सीनियर इंजीनियर, मैसर्स एल0सी0 इन्फा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद।

**एजेण्डाः 1 डी0पी0आर0 के संबध में—**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्रांक 2393/w-22/NIT/2021-21 दिनांक 25.01.2021 के द्वारा मै0 एल0सी0इन्फा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गाजियाबाद की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 विरचन एंव पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अधिकृत किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 एल0सी0इन्फा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद द्वारा राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद गाजियाबाद हेतु पत्र संख्या– LC/GZB/JJM/233 Date:-21-01-2023 के माध्यम से 23 नग नई डी0पी0आर0 जल निगम कार्यालय में प्रस्तुत की गई है, जिनमे 24 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है। डी0पी0आर0 को राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ तथा जल निगम द्वारा समय–समय पर निर्गत विभिन्न तकनीकी गाइड लाइन के अनुरूप जल निगम कार्यालय द्वारा जाँच की गई है। डी0पी0आर0 की कुल लागत में वर्क कॉस्ट, 2 प्रतिशत कन्टीजेन्सी 12.50 प्रतिशत विभागीय सेंन्टेज तथा 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 को सम्मिलित किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाइडलाईन के अनुसार 12.50 प्रतिशित सेंटज के व्यय का भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 10 वर्ष हेतु Operation and Maintenance हेतु व्यय कर भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है। उक्त समस्त 23 नग डी0पी0आर0 की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता, (मेरठ क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ द्वारा प्रदान की गई है।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि मैसर्स एल0सी0इन्फा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क्र सं | योजना का नाम | ब्लाक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | वर्क कॉस्ट (रू0लाख) | सैन्टेज (रू0लाख) | कुल लागत (रू0 लाख) | प्रति व्यक्ति लागत डिजाईन वर्ष 2052 हेतु (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शमशेर | रजापुर | 1 | 431 | 2821 | 179.75 | 19.04 | 198.79 | 6372 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | निलक थाकनपुर एवं महमूदाबाद | मुरादनगर | 2 | 424 | 2515 | 211.79 | 22.45 | 234.18 | 8027 |
| 3 | मोहम्मद [illegible] | मुरादनगर | 1 | 275 | 1779 | 138.85 | 14.71 | 153.56 | 7825 |
| 4 | सुल्तान नगर [illegible] | मुरादनगर | 1 | 151 | 1047 | 145.43 | 15.41 | 160.84 | 13880 |
| 5 | सुराना | मुरादनगर | 1 | 360 | 2329 | 179.96 | 18.96 | 198.92 | 7584 |
| 6 | जलालपुर | मुरादनगर | 1 | 181 | 1171 | 116.81 | 12.37 | 129.18 | 8975 |
| 7 | बन्दीपुर | मुरादनगर | 1 | 314 | 2256 | 174.20 | 18.40 | 192.65 | 8468 |
| 8 | मतौर | मुरादनगर | 1 | 367 | 2229 | 169.37 | 17.94 | 187.21 | 7272 |
| 9 | नगला अक्कू | मुरादनगर | 1 | 304 | 2209 | 144.93 | 15.35 | 160.28 | 7214 |
| 10 | मटियाला | रजापुर | 1 | 329 | 2130 | 162.89 | 17.23 | 179.82 | 7838 |
| 11 | निस्तापुर | रजापुर | 1 | 112 | 714 | 122.12 | 12.94 | 135.06 | 17104 |
| 12 | करौन नगर कटियार एवं काकलपुर | रजापुर | 1 | 170 | 1099 | 116.14 | 12.30 | 128.44 | 10588 |
| 13 | दुदुकपुर मनौठा | रजापुर | 1 | 236 | 2086 | 168.20 | 17.82 | 186.02 | 8063 |
| 14 | सिकन्दरी | रजापुर | 1 | 358 | 2330 | 172.69 | 18.29 | 190.98 | 7412 |
| 15 | रामपुर एवं नारायनपुर | लोनी | 1 | 108 | 688 | 123.23 | 13.05 | 136.28 | 17911 |
| 16 | रौरी | भोजपुर | 1 | 1852 | 23314 | 426.58 | 45.19 | 471.77 | 1830 |
| 17 | धारीपुर | लोनी | 1 | 411 | 3619 | 186.85 | 19.79 | 206.64 | 5163 |
| 18 | लुत्फुल्लापुर नवादा | लोनी | 1 | 325 | 1913 | 146.00 | 16.30 | 162.30 | 8053 |
| 19 | नवीपुर | मुरादनगर | 1 | 130 | 835 | 125.24 | 13.80 | 139.04 | 14989 |
| 20 | नौरसपुर | लोनी | 1 | 134 | 1137 | 138.87 | 14.71 | 153.58 | 12214 |
| 21 | नूरपुर (पुर्नगठन) | रजापुर | 1 | 758 | 4687 | 251.02 | 26.59 | 277.61 | 5356 |
| 22 | शोभापुर (पुर्नगठन) | मुरादनगर | 1 | 128 | 1177 | 110.42 | 11.70 | 122.12 | 9381 |
| 23 | मोहद्दीन पुर डबारसी (पुर्नगठन) | रजापुर | 1 | 1245 | 14460 | 388.30 | 41.13 | 429.43 | 2985 |

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि उपरोक्त प्रस्तुत डी०पी०आर० में से क्रमांक (2). निलक थाकनपुर एवं महमूदाबाद (16). रौरी, (21). नूरपुर, एवं (23). मोहददीनपुर डबारसी, कुल 04 नग डी०पी०आर० (05 नग ग्राम) राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ के समस्त निर्धारित मानकों के अनुरूप है। शासनादेश सं0–07/2022/430/ छिहत्तर–1–2022–25 सम/2019 दिनांक 04.03.2022 के अनुसार उपरोक्त 04 नग डी०पी०आर० की लागत रू0 5.00 करोड़ से कम होने के कारण समस्त 04 नग डी०पी०आर० की स्वीकृति प्रदान करते हुए जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, गाजियाबाद द्वारा समस्त 04 नग डी०पी०आर० राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार डी०पी०आर० में (1) योजना की प्रति व्यक्ति लागत रू0 7000 से कम होनी चाहिए (2) योजना में प्रति गृह संयोजन ( FHTC) लागत रू0 35000 से कम होनी चाहिए तथा (3) प्रति किलोमीटर वितरण प्रणाली की लागत रू0 15.00 लाख से कम होनी चाहिए। मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई 19 नग डी०पी०आर० में से 17 नग डी०पी०आर० की योजना की प्रति व्यक्ति लागत रू0 7000 से अधिक है, समस्त 19 नग डी०पी०आर० में प्रति गृह संयोजन ( FHTC) की लागत रू0 35000 से अधिक है तथा 05 की

डी०पी०आर० की प्रति किलोमीटर वितरण प्रणाली की लागत रू० 15.00 लाख से अधिक है, उक्त कारणो से उक्त समस्त 19 नग डी०पी०आर० राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा निर्धारित मानको के अनुरूप नही है। सदस्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि उक्त समस्त 19 नग डी०पी०आर० की कार्यालय जल निगम (ग्रामीण) गाजियाबाद द्वारा विस्तृत रूप से जाँच करने पर भी उक्त 19 नग डी०पी०आर० को मानक के अनुरूप लाना सम्भव नही है । मानक के अनुरूप नही पाई गई योजनाओं की डी०पी०आर० के मानक में नही होने का विवरण एवं कारण निम्नानुसार है:-

| क्र सं | योजना का नाम | ब्लाक का नाम | वर्क कॉस्ट (रू०लाख) | सैन्टेज (रू०लाख) | कुल लागत (रू० लाख) | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | प्रति व्यक्ति लागत रू० में डिजाईन वर्ष 2052 हेतु मानक रू07000 के सापेक्ष | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | प्रति FHTC की लागत मानक रू० 35000 के सापेक्ष | प्रति कि०मी० की लागत मानक रू० 15 लाख के सापेक्ष | मानक के अनुरूप नही होने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शमशेर | रजापुर | 179.75 | 19.04 | 198.79 | 2821 | 6372 | 431 | 41706 | – | आबादी तथा घरो की संख्या कम होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |
| 2 | मोहम्मद आनद बागपत | मुरादनगर | 138.85 | 14.71 | 153.56 | 1779 | 7805 | 275 | 50491 | 16.47 | आबादी तथा घरो की संख्या कम होने के कारण तथा अधिकांश सड़के पक्की होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |
| 3 | सुल्तान नगर छज्जूपुर | मुरादनगर | 145.43 | 15.41 | 160.84 | 1047 | 13890 | 161 | 90329 | – | आबादी तथा घरो की संख्या कम होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |
| 4 | गौरी | मुरादनगर | 179.96 | 18.96 | 198.92 | 2329 | 7694 | 360 | 49711 | – | आबादी तथा घरो की संख्या कम होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |
| 5 | फतेहपुर | मुरादनगर | 116.81 | 12.37 | 129.18 | 1171 | 9975 | 181 | 64536 | 19.28 | आबादी तथा घरो की संख्या कम होने के कारण तथा अधिकांश सड़के पक्की होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बन्दीपुर | मुरादनगर | 174.20 | 19.45 | 192.65 | 2058 | 8465 | 314 | 55476 | (225) | आबादी तथा घरो की सख्या कम होने के कारण योजना मानक योजना के अनुरूप नही है। |
| 7 | मतौर | मुरादनगर | 169.37 | 17.94 | 187.31 | 2329 | 7272 | 357 | 47442 | — | आबादी तथा घरो की सख्या कम होने के कारण योजना मानक योजना के अनुरूप नही है। |
| 8 | नंगला अक्खू | मुरादनगर | 144.93 | 15.35 | 160.28 | 2009 | 7214 | 304 | 47674 | 17.16 | आबादी तथा घरो की सख्या कम होने के कारण तथा अधिकाशं सडके पक्की होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |
| 9 | मटियाला | रजापुर | 162.69 | 17.23 | 179.92 | 2130 | 7638 | 329 | 49450 | — | आबादी तथा घरो की सख्या कम होने के कारण योजना मानक योजना के अनुरूप नही है। |
| 10 | गिरधापुर | रजापुर | 122.12 | 12.94 | 135.06 | 714 | 17104 | 112 | 108036 | 16.30 | आबादी तथा घरो की सख्या कम होने के कारण तथा अधिकाशं सडके पक्की होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |
| 11 | करीम नगर कटियार उर्फआंकलपुर | रजापुर | 116.14 | 12.30 | 128.44 | 1099 | 10568 | 170 | 68317 | — | आबादी तथा घरो की सख्या कम होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |
| 12 | यूसूफपुर मनौटा | रजापुर | 168.20 | 17.82 | 186.02 | 2086 | 8063 | 236 | 71271 | — | आबादी तथा घरो की सख्या कम होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |
| 13 | छिडबारी | रजापुर | 172.69 | 18.29 | 190.98 | 2330 | 7412 | 358 | 48237 | — | आबादी तथा घरो की सख्या कम होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |
| 14 | रामपुर उर्फ नारायनपुर | लोनी | 123.23 | 13.05 | 136.28 | 666 | 17911 | 108 | 114102 | — | आबादी तथा घरो की सख्या कम होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |
| 15 | धारीपुर | लोनी | 186.85 | 19.79 | 206.64 | 3619 | 5163 | 411 | 45462 | 15.61 | आबादी तथा घरो की सख्या कम होने के कारण तथा अधिकाश |

[Type text]

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | सड़कें पक्की होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |
| 16 | लुत्फुल्लापुर नवादा | लोनी | 146.00 | 16.30 | 162.30 | 1813 | 8053 | 325 | 44923 | – | आबादी तथा घरो की सख्या कम होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |
| 17 | नवीपुर | मुरादनगर | 125.24 | 13.80 | 139.04 | 836 | 14999 | 130 | 96338 | – | आबादी तथा घरो की सख्या कम होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |
| 18 | नोरसपुर | लोनी | 138.87 | 14.71 | 153.58 | 1137 | 12214 | 134 | 103634 | – | आबादी तथा घरो की सख्या कम होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |
| 19 | शोभापुर (पुर्नगठन) | मुरादनगर | 110.42 | 11.70 | 122.12 | 1177 | 9381 | 128 | 88265 | – | आबादी तथा घरो की सख्या कम होने के कारण योजना मानक के अनुरूप नही है। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, गाजियाबाद द्वारा मानक के अनुरूप नही पाई गई उपरोक्त 19 नग डी0पी0आर0 को भी जॉच एवं स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक धन्यवाद सहित समाप्त हुई।

01/02/2023

अधिशासी अभियंता,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गाजियाबाद
सदस्य सचिव।

जिला सूचना एवं
जन सम्पर्क अधिकारी, गाजियाबाद
सदस्य।

जिला कृषि अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर,
गाजियाबाद सदस्य।

अधिशासी अभियंता सिचांई,
गाजियाबाद सदस्य।

जिला बैसिक शिक्षा अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

प्रभागीय वनाधिकारी
गाजियाबाद सदस्य।

जिला विकास अधिकारी,
गाजियाबाद सदस्य।

मुख्य विकास अधिकारी,
गाजियाबाद, उपाध्यक्ष।

जिलाधिकारी
गाजियाबाद अध्यक्ष

**जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति गाजियाबाद।**